Toppersnotes®
Unleash the topper in you

उत्तर प्रदेश

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत अधिकारी

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (UPSSSC)

भाग - 4

सामान्य बुद्धि परीक्षण

SIERRA INNOVATIONS

विषयसूची

S No.	Chapter Title	Page No.
1	अंग्रेजी वर्णमाला परीक्षण	1
2	श्रृंखला	6
3	सादृश्यता	10
4	दिशा और दूरी	14
5	रक्त संबंध	19
6	वर्गीकरण	26
7	क्रम और रैंकिंग	29
8	घडी	33
9	कैलेंडर	37
10	कूट भाषा परीक्षण	40
11	न्याय निगमन	44
12	पासा	50
13	शब्दों का तार्किक क्रम	53
14	लुप्त पदों को भरना	56
15	आकृतियों की गणना	64
16	बैठक व्यवस्था	71
17	गणितीय संक्रियाएँ	75
18	वेन आरेख	77
19	कथन और निष्कर्ष	82
20	कथन और तर्क	87
21	कथन और कार्यवाही	92
22	कथन और धारणा	96
23	निर्णय एवं समस्या समाधान	101

विषयसूची

S No.	Chapter Title	Page No.
24	अभिकथन और कारण	106
25	अंकगणित तर्क	110
26	दर्पण प्रतिबिंब	115
27	घन और घनाभ	119

1 CHAPTER

अंग्रेजी वर्णमाला परीक्षण (English Alphabet Test)

अंग्रेजी वर्णमाला परीक्षण अंग्रेजी अक्षरों या वर्णमाला के एक निश्चित प्रारूप में व्यवस्थित होने पर आधारित है। इस परीक्षण के अन्तर्गत चुने गए अक्षरों द्वारा शब्दों की रचना, अक्षरों के युग्म और दो अक्षरों के मध्य अक्षर ज्ञात करना इत्यादि पर आधारित प्रश्न हल होते है।

प्रश्नों के प्रकार

1. वर्ण परीक्षण पर आधारित प्रश्न
2. अक्षर–युग्म पर आधारित प्रश्न
3. शब्द निर्माण तथा अक्षर व्यवस्थिकरण
4. अक्षर समूहों पर आधारित प्रश्न
5. नियम–निर्देश पर आधारित प्रश्न

अंग्रेजी वर्णमाला से संबंधित कुछ महत्त्वपूर्ण तथ्य

1. अंग्रेजी वर्णमाला के बड़े/छोटे अक्षर–

बड़े अक्षर	A	B	C	D	E	F	G	H	I	J	K	L	M
छोटे अक्षर	a	b	c	d	e	f	g	h	i	j	k	l	m
बड़े अक्षर	N	O	P	Q	R	S	T	U	V	W	X	Y	Z
छोटे अक्षर	n	o	p	q	r	s	t	u	v	w	x	y	z

2. अंग्रेजी वर्णमाला के स्वर और व्यंजन–

(i) स्वर – अंग्रेजी वर्णमाला में 5 स्वर होते है, जो निम्न है –

A, E, I, O, U

(ii) व्यंजन – अंग्रेजी वर्णमाला में 21 व्यंजन होते है, जो निम्न है –

B, C, D, F, G, H, J, K, L, M, N, P, Q, R, S, T, V, W, X, Y, Z

3. अंग्रेजी वर्णमाला में अक्षरों का स्थान व अर्द्धांष–

वर्णमाला के प्रथम 13 तथा अंतिम 13 अक्षरों को क्रमशः प्रथम व द्वितीय अर्द्धांश कहते है। यह स्थान दो क्रमों पर निर्भर करता है।

(i) सीधे क्रम का प्रथम व द्वितीय अर्द्धांश – इस क्रम में A से M तक अक्षरों को प्रथम अर्द्धांश तथा N से Z तक के अक्षरों को द्वितीय अर्द्धांश कहते है।

बाएँ से दाएँ

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13
A	B	C	D	E	F	G	H	I	J	K	L	M

← प्रथम अर्द्धांश →

Z	Y	X	W	V	U	T	S	R	Q	P	O	N
14	15	16	17	18	19	20	21	22	23	24	25	26

← द्वितीय अर्द्धांश →

(ii) विपरीत क्रम का प्रथम व द्वितीय अर्द्धांष –

इस क्रम में Z से N तक के अक्षरों को प्रथम अर्द्धांश तथा M से A तक के अक्षरों को द्वितीय अर्द्धांश कहते है।

बाएँ से दाएँ

Z	Y	X	W	V	U	T	S	R	Q	P	O	N
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13

← प्रथम अर्द्धांश →

M	L	K	J	I	H	G	F	E	D	C	B	A
14	15	16	17	18	19	20	21	22	23	24	25	26

← द्वितीय अर्द्धांश →

4. EJOTY व CFILORUX द्वारा अक्षरों का स्थान क्रम ज्ञात करना–

बाएँ से

E → 5, J → 10, O → 15, T → 20, Y → 25

5 —+5→ 10 —+5→ 15 —+5→ 20 —+5→ 25

बाएँ से

C → 3, F → 6, I → 9, L → 12, O → 15, R → 18, U → 21, X → 24

3 —+3→ 6 —+3→ 9 —+3→ 12 —+3→ 15 —+3→ 18 —+3→ 21 —+3→ 24

5. विपरीत अक्षर – अंग्रेजी वर्णमाला में प्रत्येक अक्षर का एक विपरीत अक्षर होता है।

Toppersnotes Unleash the topper in you

(1) A ⟷ Z (26) = 27
(2) B ⟷ Y (25) = 27
(3) C ⟷ X (24) = 27
(4) D ⟷ W (23) = 27
(5) E ⟷ V (22) = 27
(6) F ⟷ U (21) = 27
(7) G ⟷ T (20) = 27
(8) H ⟷ S (19) = 27
(9) I ⟷ R (18) = 27
(10) J ⟷ Q (17) = 27
(11) K ⟷ P (16) = 27
(12) L ⟷ O (15) = 27
(13) M ⟷ N (14) = 27

अंग्रेजी वर्णमाला के जिस अक्षर का विपरीत अक्षर ज्ञात करना हो तो उस अक्षर की संगत संख्या को 27 में से घटा देते है। घटाने के बाद जो संख्या प्राप्त होती है, वही विपरीत अक्षर की संगत संख्या होती है।

6. अक्षरों के बाएँ तथा दाएँ ओर का अक्षर ज्ञात करना –
जिस ओर हमारा दायाँ होता है, उसी ओर अक्षरों का भी दायाँ होता है और जिस ओर हमारा बायाँ होता है, उसी ओर अक्षरों का भी बायाँ होता है।

जैसे –

A B C D E F G H I J K L M ← यहाँ से
← बायीं ओर

यहाँ से → N O P Q R S T U V W X Y Z
→ दायीं ओर

प्रश्नों के प्रकार

प्रश्नों के हल

प्रकार – 1 वर्ण परीक्षण पर आधारित प्रष्न

सीधे क्रम में अक्षरों का स्थान–

उदाहरण – 1

वर्णमाला A B C D E F G H I J K L M N O P Q R S T U V W X Y Z में बाएँ से सोलहवें अक्षर के दाहिने से छठा अक्षर कौनसा है ?

(A) F (B) Q
(C) U (D) V

उत्तर (D)

विपरीत क्रम में अक्षरों का स्थान–

उदाहरण – 2

यदि अंग्रेजी वर्णमाला को विपरीत क्रम में लिखा जाए, तो दाएँ से तीसरे अक्षर के बाईं ओर 13 वाँ अक्षर कौनसा होगा ?

(A) C (B) P
(C) R (D) L

उत्तर– (B)

प्रथम अर्द्धांश के विपरीत क्रम में अक्षरों का स्थान–

इसके अन्तर्गत अंग्रेजी वर्णमाला के आरंभ के आधे अक्षरों अर्थात् A से M तक के अक्षरों को विपरीत क्रम में तथा शेष आधे अक्षरों को ज्यों का त्यों लिखा जाता है।

उदाहरण – 3

यदि अंग्रेजी वर्णमाला के प्रथम अर्द्धांश को विपरीत क्रम में लिखा जाए तो आपके दायीं ओर से 10 वें अक्षर के बायीं ओर 7 वाँ अक्षर कौनसा होगा ?

(A) C (B) E
(C) D (D) J

उत्तर– (C)

अनेक अक्षर खण्डों के विपरीत क्रम में अक्षरों का स्थान–

उदाहरण – 4

यदि अंग्रेजी वर्णमाला के प्रथम 4 अक्षरों को विपरीत क्रम में लिखा जाए, पुनः 5 अक्षरों को भी विपरीत क्रम में, पुनः 6 अक्षरों को भी विपरीत क्रम में पुनः 7 अक्षरों को भी विपरीत क्रम में तथा शेष अक्षरों को भी विपरीत क्रम में लिखा जाए, तो दाएँ से 8 वें अक्षर के बाएँ 7 वाँ अक्षर कौनसा होगा ?

(A) O (B) L
(C) N (D) M

उत्तर– (D)

दो अक्षरों के मध्य में अक्षरों की संख्या –

उदाहरण – 5

अंग्रेजी वर्णमाला में बाएँ से 8 वें तथा दाएँ से 7 वें अक्षर के मध्य में कितने अक्षर है ?

(A) 8 (B) 9
(C) 10 (D) 11

उत्तर– (D)

वर्णक्रमानुसार व्यवस्थित करने पर अक्षरों की समान स्थिति–

उदाहरण – 6

यदि शब्द CADMP में प्रत्येक अक्षर को वर्णमाला के क्रमानुसार व्यवस्थित किया जाए तो कितने अक्षरों के स्थान अपरिवर्तित रहेंगे।

(A) एक (B) दो

(C) तीन (D) चार

उत्तर– (C)

प्रकार – 2 अक्षर–युग्म पर आधारित प्रश्न

यदि किसी शब्द के दो अक्षरों के मध्य उतने ही अक्षर विद्यमान हो, जितने की अंग्रेजी वर्णमाला में उन दोनों के मध्य होते हैं।

उदाहरण – 7

दिए गए शब्द EXECUTION में अक्षरों के ऐसे कितने जोड़े है, जिनके बीच शब्द में उतने ही अक्षर है, जितने अंग्रेजी वर्णमाला में उनके बीच होते है ?

(A) 1 (B) 2

(C) 3 (D) 3 से अधिक

उत्तर– (D)

प्रकार – 3 शब्द निर्माण तथा अक्षर व्यवस्थिकरण

अर्थपूर्ण शब्द के अक्षरों को बदलना–

उदाहरण – 8

यदि COMMUNICATIONS में पहले और दूसरे, तीसरे और चौथे, पाँचवे और छठे तथा इसी प्रकार अन्य अक्षरों को परस्पर बदल दिया जाए, तो अपने दाएँ से गणना करने पर 10 वाँ अक्षर कौनसा होगा ?

(A) T (B) N

(C) U (D) A

उत्तर– (B)

अर्थपूर्ण शब्द के चुने हुए/क्रमागत अक्षरों से अर्थपूर्ण शब्द बनाना–

उदाहरण – 9

यदि शब्द SHARE HOLDING के पहले, तीसरे, पाँचवें और आठवें अक्षरों से कोई एक सार्थक शब्द बन सकता है तो उसका दूसरा अक्षर क्या होगा ? यदि ऐसा कोई शब्द बनना संभंव न हो, तो उत्तर 'X' दीजिए और यदि एक से अधिक शब्द बनने संभंव हो, तो उत्तर 'Y' दीजिए।

(A) L (B) E

(C) X (D) Y

उत्तर– (D)

उदाहरण – 10

DIALOGUE शब्द के वर्णों से चार या अधिक वर्ण वाले कितने सार्थक शब्द बनाए जा सकते है ?

(A) 5 (B) 7

(C) 9 (D) 8

उत्तर– (C)

दिए गए अक्षरों को व्यवस्थित कर अर्थपूर्ण शब्द बनाना

उदाहरण – 11

नीचे दिए गए विभिन्न अक्षरों की संख्याओं को इस प्रकार व्यवस्थित कीजिए, जिससे कि एक अर्थपूर्ण शब्द बन जाए –

G T A E N M

1 2 3 4 5 6

(A) 1, 3 , 2, 6, 4, 5 (B) 6, 3, 5, 1, 4, 2

(C) 1, 3, 2, 5, 4, 6 (D) 6, 3, 1, 5, 4, 2

उत्तर– (D)

प्रकार – 4 अक्षर समूहों पर आधारित प्रष्न

इसके अन्तर्गत पूछे जाने वाले प्रश्नों में तीन या चार अक्षरों के कुछ समूह दिए जाते है। प्रश्न में दिए गए निर्देशों के अनुसार इन अक्षर समूहों को व्यवस्थित कर उत्तर ज्ञात करना होता है।

उदाहरण – 12

यदि दिए गए सभी शब्दों में उनसे पहले अक्षर S लगा दिया जाए तो नई व्यवस्था में कितने शब्दों से अंग्रेजी के अर्थपूर्ण शब्द बनेगें ?

SHE, OLD, ANT, TIN, JUG

(A) केवल SHE (B) ANT तथा JUG

(C) केवल OLD (D) TIN तथा JUG

उत्तर– (C)

प्रकार – 5 नियम–निर्देष पर आधारित

इस प्रकार के प्रश्नों में अंग्रेजी अक्षरों से संबंधित एक नियम दिया गया होता है। इन नियमों का पालन करते हुए यह देखना होता है कि कौनसे विकल्प में दिया गया अक्षर समूह नियम का पालन कर रहा है।

उदाहरण – 13

क्रमशः दो अक्षरों के बीच में वर्णमालानुसार एक अक्षर छूटा हुआ है।

(A) EGIKM (B) MOQTU

(C) MPQTU (D) MNOPQ

उत्तर– (A)

उदाहरण – 14

अंग्रेजी अक्षर, वर्णमाला के विपरीत क्रम में है।

(A) ABCDE (B) ZYXWV

(C) KLMNO (D) PQRST

उत्तर– (B)

Toppersnotes
Unleash the topper in you

उदाहरण हल सहित

1. अंग्रेजी वर्णमाला में अक्षर J और T के ठीक बीच में कौनसा अक्षर होगा ?
   (A) N (B) O
   (C) P (D) Q

उत्तर– (B)

2. अंग्रेजी वर्णमाला में बाईं ओर से 20वें तथा दाईं ओर से 21वें अक्षर के ठीक बीच में कौनसा अक्षर होगा ?
   (A) L (B) M
   (C) N (D) O

उत्तर– (B)

3. यदि BEAUTIFUL शब्द के अक्षरों को पुनर्व्यवस्थित करते हुए वर्णमाला के अनुसार लिखा जाए तो वैसे कितने अक्षर होंगे जिनका स्थान क्रम अपरिवर्तित रहेगा ?
   (A) एक (B) तीन
   (C) दो (D) तीन से अधिक

उत्तर– (A)

4. यदि शब्द DOMAINS के प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला के अनुसार उसके आगे आने वाले वर्ण से बदल दिया जाए तथा प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला के अनुसार उसके पहले वाले वर्ण से बदल दिया जाए तथा इसके पश्चात् सभी वर्णों को वर्णमाला क्रमानुसार (बाएँ से दाएँ) लगाया जाए तो इस प्रकार बने क्रम में दाएँ से तीसरे स्थान पर निम्न में से कौनसा वर्ण होगा ?
   (A) J (B) C
   (C) P (D) M

उत्तर– (D)

5. शब्द HTUTR के प्रत्येक अक्षर का केवल एक बार प्रयोग कर एक अर्थपूर्ण शब्द बनाइए। बनाएँ गए शब्द का पाँचवां अक्षर आपका उत्तर होगा। यदि एक से अधिक ऐसे शब्द बनते है तो आपका उत्तर X होगा।
   (A) H (B) R
   (C) U (D) X

उत्तर– (A)

6. शब्द WASHINGTON में वह कौनसा अक्षर है, जो गिनने पर वही संख्या है जो वर्णमाला में है ?
   (A) N (B) T
   (C) O (D) G

उत्तर– (D)

7. निम्न प्रश्न में एक शब्द तथा उसके बाद चार विकल्प दिए गए है। चार विकल्पों में से केवल एक ही विकल्प ऐसा है, जो दिए गए मूल शब्द के अक्षरों से बनाया जा सकता है। उस विकल्प को चुनिए।
   V E N T U R E S O M E
   (A) ROSTRUM (B) TRAVERSER
   (C) SERMON (D) SEVENTEEN

उत्तर– (C)

8. अक्षरों के एक समूह में प्रत्येक को एक संख्या नियत की गई है। उन्हें एक सार्थक क्रम में रखकर, दिए गए विकल्पों के अक्षरों में से सही क्रम का चयन कीजिए।

Y	M	L	O	S	B	C	I
1	2	3	4	5	6	7	8

   (A) 47685321 (B) 51264387
   (C) 21645387 (D) 56241387

उत्तर– (B)

9. नए शब्द बनाने के लिए निम्नलिखित प्रश्न के शब्दों के बाद में कौनसा अक्षर लगाया जा सकता है ?
   STAG, ENGAG, DAMAG, SEWAG
   (A) A (B) S
   (C) E (D) P

उत्तर– (C)

10. दो आसन्न अक्षरों के बीच छोडे गए अक्षरों की संख्या दो के गुणकों से बढती है।
   (A) ADIPY (B) JMRYG
   (C) EHNTC (D) HKBWF

उत्तर– (A)

2 CHAPTER

श्रृंखला (Series)

श्रृंखला परीक्षण श्रेणी को ध्यानपूर्वक अध्ययन कर यह ज्ञात करना पडता है कि यह श्रेणी क्रम/नियम का अनुसरण कर रही है।

इस परीक्षण के अन्तर्गत पूछे जाने वाले प्रश्नों को निम्नलिखित वर्गों में वर्गीकृत किया जा सकता है।

(1) अंक श्रृंखला

(2) वर्णमाला श्रृंखला

(3) अंकों/अक्षरों की बारम्बारता श्रृंखला

- श्रृंखला परीक्षण करते समय कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए।
  (1) सबसे पहले पूरी श्रृंखला चलाने का प्रयास करते है।
  (2) यदि श्रृंखला न चले तो Break करके चलाते है।
  (3) सबसे अन्त में Alternate Series चलाते है।

1. <u>अंक श्रृंखला</u> –

इसमें पूछे जाने वाले प्रश्नों में अंकों की श्रृंखला दी जाती है। यह श्रृंखला जोड, घटाव, गुणा, भाग, वर्ग, वर्गमूल, घन, घनमूल आदि पर आधारित होती है।

<u>Type – 1</u> – श्रृंखला में गलत पद ज्ञात करना।

इसे श्रृंखला क्रम में किसी विशेष स्थान पर आने वाले अंक के स्थान पर कोई गलत अंक संयोजित कर दिया जाता है। इसके लिए सर्वप्रथम यह ज्ञात करना चाहिए कि उस नियम के अनुसार कौन–सा पद परिवर्तित नहीं हो रहा है, वही गलत पद है।

प्रश्नों के हल

उदाहरण – 1

निम्नलिखित संख्या श्रृंखला में कौन–सी संख्या अनुपयुक्त है ?

76, 98, 126, 160, 200, 248, 298

(A) 248 (B) 200

(C) 160 (D) 298

उत्तर – (A)

उदाहरण – 2

निम्नलिखित श्रृंखला में कौन–सी संख्या ऐसी है जो कि श्रृंखला में अनुपयुक्त है ?

5, 3, 6, 10, 9, 12, 17, 15, 18, 23

(A) 6 (B) 9

(C) 12 (D) 10

उत्तर – (D)

<u>Type – 2</u> – श्रृंखला को पूरा करना।

इसके अन्तर्गत दिए गए श्रृंखला क्रम में किसी विशेष स्थान को रिक्त छोड दिया जाता है अथवा प्रश्नवाचक चिन्ह (?) द्वारा निरूपित कर दिया जाता है, फिर अभ्यर्थियों से यह अपेक्षा की जाती है कि वह उस क्रम का पता लगाकर प्रष्नवाचक चिन्ह (?) के स्थान पर आने वाली उपयुक्त संख्या का चयन करें।

उदाहरण – 3

श्रृंखला में प्रश्नवाचक चिन्ह के स्थान पर दिए गए विकल्पों में से कौन–सी संख्या आएगी ?

16, 23, 31, 40, 50, 61, ?

(A) 81 (B) 83

(C) 77 (D) 73

उत्तर – (D)

उदाहरण – 4

उपरोक्त श्रृंखला में प्रश्नवाचक स्थान पर कौन–सी संख्या आएगी ?

5, 4, 15, 7, 23, 11, 29, 16, 33, ?

(A) 11 (B) 22

(C) 29 (D) 34

उत्तर – (B)

<u>Type – 3</u> – श्रेणी के नियम

श्रेणी के नियम 2 प्रकार के होते है।

1. समान्तर श्रेणी

2. गुणोत्तर श्रेणी

Toppersnotes
Unleash the topper in you

(1) <u>समान्तर श्रेणी</u> – समान्तर श्रेणी उस श्रेणी को कहते है जिसमें लगातार दो पदों का अन्तर समान होता है।

समान्तर श्रेणी के किसी पद में से उसके पूर्व के पद को हटाने पर प्राप्त संख्या 'पदान्तर' कहलाती है।

यदि समान्तर श्रेणी का प्रथम पद a हो एवं पदान्तर d हो, तो समान्तर श्रेणी होगी।

$a, (a + d), (a + 2d) + (a + 3d) \dots \dots \dots$

अतः समान्तर श्रेणी का n वाँ पद, $T_n = a + (n-1)\, d$ (जहाँ, a प्रथम पद एवं d पदान्तर है)

उदाहरण – 5

श्रेणी 3, 5, 7, 9.......... का 10 वाँ पद क्या होगा ?

(A) 15 (B) 20

(C) 12 (D) 21

उत्तर – (D)

उदाहरण – 6

यदि किसी समान्तर श्रेणी का प्रथम पद 5 पदान्तर 3 एवं अन्तिम पद 80 हो, तो पदों की संख्या ज्ञात करें ?

(A) 24 (B) 23

(C) 26 (D) 29

उत्तर – (C)

(2) <u>गुणोत्तर श्रेणी</u> – ऐसी श्रेणी जिसमें दो लगातार पदों का अनुपात समान होता है, 'गुणोत्तर श्रेणी' कहलाती है। इस अनुपात को गुणोत्तर श्रेणी का 'सार्वानुपात' कहते है। गुणोत्तर श्रेणी का 'सार्वानुपात' किसी पद में उसके पूर्व पद से भाग देने पर प्राप्त होता है अर्थात्

$\frac{t_2}{t_1} = \frac{t_3}{t_2} = \frac{t_4}{t_3} = \cdots \dots \dots \dots \dots = \frac{tn}{tn-1} = ?$

सार्वानुपात

यदि किसी गुणोत्तर श्रेणी का पहला पद a एवं सार्वानुपात r हो, तो उस गुणोत्तर श्रेणी का n वाँ पद,

$Tn - a\, r^{n-1}$

उदाहरण – 7

श्रेणी $3, 9, 27, 81 \dots \dots \dots$.. का 6 वाँ पद कौन सा है ?

(A) 729 (B) 243

(C) 1681 (D) 1747

उत्तर – (A)

उदाहरण – 8

श्रेणी $7, 14, 28 \dots \dots$.... का 10 वाँ पद कौन–सा होगा ?

(A) 3216 (B) 2736

(C) 2684 (D) 3584

उत्तर – (D)

2. <u>वर्णमाला श्रृंखला</u> –

इसके अन्तर्गत दी गई श्रृंखला में अंग्रेजी वर्णमाला से सम्बन्धित अक्षरों की एक श्रृंखला दी जाती है, जिसमें एक या दो अक्षर लुप्त कर दिए जाते है, अथवा उस स्थान पर प्रश्नवाचक चिन्ह (?) द्वारा निरूपित किया जाता है।

उदाहरण – 9

दी गई श्रृंखला में प्रश्नवाचक चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा ? $J \quad K \quad M \quad P \quad T \quad ?$

(A) X (B) W

(C) Y (D) कोई नहीं

उत्तर – (C)

उदाहरण – 10

$L7C, N9F, P12I, R16L, ?$ इस श्रृंखला में प्रश्नवाचक स्थान पर क्या आएगा ?

(A) U210 (B) S21P

(C) S200 (D) $T210$

उत्तर – (D)

उदाहरण – 11

निम्न श्रृंखला के लुप्त अक्षरों के स्थान पर क्या आएगा ?

$ab__baabc__aabcb___abcb_$

(A) bcaa (B) cbaa

(C) abca (D) aacb

उत्तर – (B)

3. <u>अंकों/अक्षरों की बारम्बारता श्रृंखला</u> –

इसके अन्तर्गत अंक/अक्षर एक निश्चित क्रमानुसार बार–बार आते है, इस प्रकार अंको/अक्षरों की एक श्रृंखला बनती है जिसमें बीच के या अन्त के एक या दो अंक या अक्षर लुप्त कर दिए जाते है और अभ्यर्थियों को लुप्त अंक/अक्षर का पता लगाना होता है।

उदाहरण – 12

02487503001024875030010

(A) 2,4 (B) 0,1

(C) 0,2 (D) 4,8

उत्तर – (A)

अभ्यास प्रश्न

Q.1 4, 10, 22, 46, ? लुप्त संख्या ज्ञात कीजिए ?
(A) 56 (B) 66
(C) 76 (D) 94
उत्तर– (D)

Q.2 87, 90, 84, 88, 81, ?, ?
(A) 86,78 (B) 86,88
(C) 86,88 (D) 85,93
उत्तर– (A)

Q.3 निम्नलिखित में से कौनसी संख्या अनुक्रम में सही नहीं है – 3, 6, 10, 16, 21, 28
(A) 10 (B) 3
(C) 16 (D) 21
उत्तर– (C)

Q.4 2, 12, 36, 80, 150, ? लुप्त संख्या ज्ञात करें ?
(A) 210 (B) 258
(C) 252 (D) 194
उत्तर– (C)

Q.5 निम्न में से कौनसी संख्या अनुक्रम में नहीं आती है? 19, 28, 39, 52, 67, 84, 102
(A) 84 (B) 102
(C) 67 (D) 52
उत्तर– (B)

Q.6 BDFH, IKMO, PRTV, ? लुप्त अक्षर ज्ञात कीजिए ?
(A) WYAC (B) WXYA
(C) WXYZ (D) WYZA
उत्तर– (A)

Q.7 4E, 8I, 13N, 19T, ? लुप्त संख्या ज्ञात कीजिए ?
(A) 26U (B) 26A
(C) 26Z (D) 25X
उत्तर– (B)

Q.8 IKMO, TVXZ, ? LMNO लुप्त संख्या ज्ञात करें ?
(A) ABCD (B) CEGH
(C) EGIK (D) GIKN
उत्तर– (A)

Q.9 ab__dbc___ ___cda___d_bcab__d
(A) cdabac (B) cdaabc
(C) adabac (D) dadabc
उत्तर– (A)

Q.10 15, 30, 60, 120, ? लुप्त संख्या ज्ञात करें ?
(A) 250 (B) 245
(C) 240 (D) 260
उत्तर– (C)

Q.11 120, 60, 30, 15, ? लुप्त संख्या ज्ञात करें ?
(A) 7.5 (B) 5.7
(C) 3.0 (D) 8.5
उत्तर– (A)

Q.12 4, 10, ? 82, 244, 730
(A) 218 (B) 28
(C) 24 (D) 77
उत्तर– (B)

Q.13 11, 17, 39, 85, ?
(A) 133 (B) 143
(C) 153 (D) 163
उत्तर– (D)

Q.14 625, 625, 600, ?, 475, 875
(A) 545 (B) 700
(C) 675 (D) 725
उत्तर– (B)

Q.15 17, 43, 81, 131, ?
(A) 375 (B) 468
(C) 300 (D) 193
उत्तर– (D)

Q.16 0, 1, 1, 2, 3, 5, 8, 13, 21, ?
(A) 34 (B) 35
(C) 33 (D) 36
उत्तर– (A)

Q.17 17, 36, 74, 150, ?, 606
(A) 250 (B) 303
(C) 300 (D) 302
उत्तर– (D)

Q.18 SAB, ?, QCD, PDD, OEF, NFF
(A) CBT (B) ABR
(C) BCT (D) RBB
उत्तर– (D)

Toppersnotes unleash the topper in you

Q.19 G2X, J4V, M8T, ?, S32P

(A) N64S (B) P16R

(C) Q16R (D) P8S

उत्तर– (B)

Q. (20-21) के लिए निर्देश – निम्नलिखित प्रत्येक संख्या श्रृंखला में केवल एक संख्या गलत है। गलत संख्या ज्ञात कीजिए।

Q.20 10, 5, 19, 12, 39, 26, 73, 54

(A) 52 (B) 19

(C) 39 (D) 26

उत्तर– (C)

Q.21 3, 12, 8, 19, 13, 32, 18, 42, 23, 52

(A) 12 (B) 19

(C) 42 (D) 32

उत्तर– (B)

Toppersnotes
Unleash the topper in you

3 CHAPTER

सादृश्यता (ANALOGY)

किसी वस्तु, शब्द, अक्षर, संख्या के किसी अन्य वस्तु, शब्द, अक्षर, संख्या से गुण, रूप, आकार, प्रकार, लक्षण आदि में किसी भी प्रकार से संबंध या समानता को सादृश्यता या समरूपता कहा जाता हैं।

सादृश्यता के अन्तर्गत सामान्यतः इस प्रकार के प्रश्न पूछे जाते हैं।

सादृश्यता के प्रकार

1. हिन्दी शब्द सादृश्यता
2. अंग्रेजी अक्षर सादृश्यता
3. अंग्रेजी शब्द सादृश्यता
4. संख्या सादृश्यता

प्रकार 1 – हिन्दी शब्द सादृश्यता

इसके अन्तर्गत पूछे जाने वाले प्रश्नों में दिए गए हिन्दी शब्दो के संबंध पर विचार करते हुए दिए गए उत्तर विकल्पों में से एक ऐसे शब्द को ज्ञात करना होता है, जिसका संबंध दिए गए शब्दों या तीसरे शब्द के साथ स्थापित हो सकें।

(i) **समरूप शब्द ज्ञात करना** – इसके अन्तर्गत पूछे गए प्रश्नों में दिए गए दो शब्दो के संबंध पर विचार करते हुए उत्तर विकल्पों में से ऐसे शब्द को ज्ञात करना होता है, जिसका संबंध दिए गए तीसरे शब्द के साथ स्थापित होता हैं।

उदाहरण – 1

दिए गए विकल्पों में से संबंधित शब्द को चुनिए।

नदी : धारा : महासागर : ?

(A) प्रवाह (B) तालाब

(C) बॉध (D) समुद्र

उत्तर – (A) प्रवाह

उदाहरण – 2

जिस प्रकार कोलम्बो, श्रीलंका से संबंधित हैं, उसी प्रकार काठमाण्डू किससे संबंधित है?

(A) तिब्बत (B) भारत

(C) भूटान (D) नेपाल

उत्तर – (D) नेपाल

(ii) **समरूप युग्म ज्ञात करना** – इसके अन्तर्गत आने वाले प्रश्नों में दो शब्द दिए होते है, जो कि आपस में किसी प्रकार से संबंधित होते हैं। ठीक इसी प्रकार का संबंध नीचे दिए गए विकल्पों में से किसी एक विकल्प में भी होता हैं।

उदाहरण – 3

दिए गए विकल्पों में से संबंधित शब्द – युग्म को चुनिए।

उद्देशिका : संविधान :: ? : ?

(A) शब्द : शब्दकोष

(B) विषय–वस्तु : पत्रिका

(C) स्पष्टीकरण : कविता

(D) प्रस्तावना : पुस्तक

उत्तर – (D)

(iii) **शब्दों के समरूप शब्द तथा समरूप शब्दों के लिए विशेष वर्ग चुनना** – इसके अन्तर्गत आने वाले प्रश्नों में कुछ शब्द दिए होते हैं। हमे दिए गए विकल्पों में से ऐसा शब्द चुनना होता है जो ठीक वैसा ही हो जैसे की आरम्भ में दिए गए शब्द है और वह शब्द ज्ञात करना होता है जो प्रश्न में दिए गए शब्दों के बीच विशेषता दर्शाता हैं।

उदाहरण – 4

कौन वैसा ही है जैसे – भूकम्प, चक्रवात, ज्वालामुखी विस्फोट है ?

(A) वैश्विक ऊष्मा (B) बाढ़

(C) दुर्घटनाएँ (D) परमाणु विस्फोट

उत्तर – (B) बाढ़

उदाहरण – 5

नीचे तीन शब्द दिए है, जिनमें कुछ सामान्य विशेषता है, सही विकल्प को चुनिए।

सॉप, छिपकली, मगरमच्छ

(A) सरीसृप (B) स्तनधारी

(C) सर्वाधारी (D) हिरण

उत्तर – (A)

उदाहरण – 6

वह विकल्प ज्ञात कीजिए, जिसमें वही संबेंध हो, जो नीचे दिए गए तीनों शब्दो में हैं ।

राजा, रानी, महल

(A) कबूतर, चिड़िया, औषधालय

(B) बकरा, बकरी, किला

(C) भौंरा, मकड़ी, जल

(D) शेर, शेरनी, गुफा

उत्तर – (D)

(iv) **दोहरी समरूपता** – इसके अन्तर्गत प्रश्न में चिन्ह (::) के बाई एवं दाई ओर दो – दो शब्द दिए गए होते हैं। दोनों ओर के शब्दों में एक–एक शब्द लुप्त रहता हैं। लुप्त शब्द को नीचे दिए विकल्पों में से ज्ञात करना होता हैं।

उदाहरण – 7

निम्न प्रश्न में लुप्त शब्द को नीचे दिए गए विकल्प में से ज्ञात करें

A : भद्दा :: षान्ति : B

(A) A - सुन्दर, B-युद्ध

(B) A – मित्रता, B – षोर

(C) A – ईमानदारी, B – सन्धि

(D) A - संख्या, B – हड़ताल

उत्तर – (A)

प्रकार – 2 अंग्रेजी अक्षर सादृश्यता

इसके अन्तर्गत आने वाले प्रश्न, अंग्रेजी वर्णमाला के अक्षरों या अक्षर समूहों पर आधारित होते हैं। इन प्रश्नों में दिए गए प्रथम दो अक्षर – समूहो के संबंध को ज्ञात करके इसी आधार पर तीसरें अक्षर – समूह के लिए सही उत्तर को विकल्पों में से ज्ञात करना होता हैं।

अंग्रेजी अक्षर तथा उनकी संगत संख्याएँ –

अंग्रेजी अक्षर	A	B	C	D	E	F	G	H	I	J	K	L	M
संगत संख्याएँ	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13

अंग्रेजी अक्षर के स्वर और व्यंजन अक्षर –

स्वर अक्षर	A,E,I,O,U
व्यंजन अक्षर	B,C,D,F,G,H,J,K,L,M,N,P,Q, R,S,T,V,W,X,Y,Z

अंग्रेजी अक्षर के स्वर और व्यंजन अक्षर –

स्वर अक्षर	A,E,I,O,U
व्यंजन अक्षर	B,C,D,F,G,H,J,K,L,M,N,O,P,Q,R,S,T,V,W,X,Y,Z

उदाहरण – 8

CHAIR : RIAHC :: TABLE : ?

(A) BLAET (B) ETABL

(C) LETAB (D) ELBAT

उत्तर – (D)

उदाहरण – 9

HORSE : SERHO :: CURSE : ?

(A) RCUES (B) SECRU

(C) SERCU (D) ERCUS

उत्तर – (C)

उदाहरण – 10

EGH : IJK :: NPQ : ?

(A) PRS (B) RSU

(C) RTU (D) RST

उत्तर – (D)

प्रकार – 3 अंग्रेजी शब्द सादृश्यता

इसके अन्तर्गत आने वाले प्रश्न अंग्रेजी शब्दों पर आधारित होते हैं। इन प्रश्नों में दिए गए प्रथम दो शब्दो के संबंधों को ज्ञात करके इसी आधार पर तीसरे शब्द के लिए सही उत्तर विकल्पों में से ज्ञात करते हैं।

(i) संबंधित शब्द ज्ञात करना

उदाहरण – 11

निम्न प्रश्न में उस विकल्प का चयन करें, जो तीसरे शब्द से ठीक उसी तरह संबंधित है जिस प्रकार दूसरा पद पहले पद से संबंधित हैं ?

Shallow : Profound :: Synonym : ?

(A) Context (B) Antonym

(C) Meaning (D) Content

उत्तर – (B)

(ii) शब्द युग्म के समरूप शब्द युग्म ज्ञात करना

उदाहरण – 12

निम्नलिखित में से शब्दों का कौन–सा युग्म वैसा ही संबंध दर्शाता हैं जिस प्रकार का संबंध Fan : Heat के बीच है ?

(A) Water : Drink

(B) Food : Hunger

(C) Light : Night

(D) Air : Breath

उत्तर – (B)

प्रकार – 4 – संख्या सादृश्यता

इसके अन्तर्गत आने वाले प्रश्नों में संख्याओं के क्रम, संख्याओं के वर्गो के क्रम, अभाज्य संख्याओं के कम आदि पर आधारित प्रश्न पूछे जाते है, दूसरे शब्दो में इसके अन्तर्गत पूछे जाने वाले प्रश्न गणितीय संक्रियाओं पर आधारित होते हैं।

उदाहरण – 13

उस विकल्प का चयन करें जो तीसरे पद से उसी प्रकार संबंधित है जिस प्रकार दूसरा पद, पहले पद से संबंधित हैं ?

23 : 69 : 27 : ?

(A) 91 (B) 73

(C) 81 (D) 89

उत्तर – (C)

उदाहरण – 14

दिए गए विकल्पों में से संबंधित संख्या को चुनिए ?

8 : 32 :: 6 : ?

(A) 31 (B) 22

(C) 18 (D) 21

उत्तर – (C)

उदाहरण – 15

दिए गए विकल्पों में से उस विकल्प को ज्ञात कीजिए जो 10 : 13 : 16 के समान हैं ?

(A) 8 : 10 : 15 (B) 13: 16 : 19

(C) 23: 29 : 23 (D) 10 : 16 : 23

उत्तर – (B)

प्रश्न हल सहित

Q.1 जिस प्रकार सैनिक का संबंध सेना से है, उसी प्रकार खिलाड़ी का संबंध किससे है ?

(A) खेल (B) कप्तान

(C) टीम (D) खेलकूद

Ans. **(C)**

व्याख्या– जिस प्रकार, सैनिक सेना का एक भाग होता है, उसी प्रकार, खिलाड़ी टीम का एक भाग होता हैं।

Q.2 रक्त जैसे शिरा से संबंधित है वैसे ही तेल किससे संबंधित हैं ?

(A) कार (B) पाइपलाइन

(C) इंजन (D) पेट्रोल

Ans. **(B)**

Q.3 जिस प्रकार लाल का संबंध रूकना से है, उसी प्रकार हरा का संबंध किससे है ?

(A) पेन्ट (B) रंग

(C) चलना (D) दिया

Ans. **(C)**

Q.4 दिवस का रात्रि से वही संबंध है जो गोधूलिवेला का ....से हैं ?

(A) प्रातः काल (B) ऊषाकाल

(C) मध्याह (D) सायंकाल

Ans. **(B)**

Q.5 जिस प्रकार महासागर का संबंध तालाब से है, उसी प्रकार किलोमीटर का संबंध किससे है ?

(A) मीटर (B) मिलीमीटर

(C) सेन्टीमीटर (D) ड़ेसीमीटर

Ans. **(B)**

निर्देष (Q.6 से Q.13) निम्नलिखित प्रश्नों मे सही विकल्प का चयन कीजिए।

Q.6 चौड़ा : संकीर्ण :: पैना : ?

(A) धारहीन (B) नुकीला

(C) चाकू (D) खुरदरा

Ans. **(A)**

Q.7 प्रतिरोध : ओम :: विद्युतधारा : ?

(A) फैराडे (B) एम्पीयर

(C) रेड़ियन (D) वोल्ट

Ans. **(B)**

Q.8 लखनऊ : उत्तर प्रदेश :: रॉची : ?

(A) झारखण्ड़ (B) ओड़िषा

(C) उत्तराखण्ड़ (D) छत्तीसगढ़

Ans. **(A)**

Q.9 बर्फ : ठण्ड़क :: पृथ्वी : ?

(A) वजन (B) जंगल

(C) गुरूत्वाकर्शण (D) समुद्र

Ans. **(C)**

Q.10 रेशमकीट : रेशम :: नाग : ?

(A) विषहर (B) विष

(C) मृत्यु (D) मरन

Ans. **(B)**

Q.11 शरीर : कंकाल :: ? : व्याकरण

(A) भाषा (B) अर्थ

(C) विद्यालय (D) शिक्षक

Ans. **(A)**

Q.12 मैराथन : दौड़ :: शीतनिद्रा : ?

(A) सर्दी (B) भालू

(C) स्वप्न (D) निद्रा

Ans. **(D)**

Q.13 पुरुष : जीवनी :: राष्ट्र : ?

(A) भूगोल (B) इतिहास

(C) नेता (D) जनता

Ans. **(B)**

(Q.14 से Q.15) निम्नलिखित प्रश्नों में दिए गए विकल्पों में से वह युग्म चुनें जो पहले युग्म के शब्दों की भाँति आपस में संबंधित हो।

Q. 14 तीर : धनुष :: ?

(A) फुटबॉल : हाथ (B) सलाद : चाकू

(C) गोली : बंदूक (D) धुऑ : पानी

Ans. **(C)**

Q.15 **बुकर पुरस्कार : साहित्य :: ?**

(A) ग्रेमी पुरस्कार : पत्रकारिता

(B) पुलित्जर पुरस्कार : पत्रकारिता

(C) ग्लोबल पुरस्कार : फिल्म

(D) ऑस्कर पुरस्कार : विज्ञान

Ans. **(B)**

Q.16 **जिस प्रकार ERID संबंधित है DIRE से, उसी प्रकार RIPE संबंधित है ?**

(A) EPIR (B) REPI

(C) EPRI (D) PEIR

Ans. **(A)**

Toppersnotes Unleash the topper in you

Q.17 जिस प्रकार **DRIVE** का संबंध **ESJWF** से है, उसी प्रकार **FIGHT** का संबंध किससे है ?

(A) EHFGS (B) GJHIU

(C) GJFHU (D) EJFGU

Ans. **(B)**

Q.18 जिस प्रकार **WT** का संबंध **QN** से है, उसी प्रकार **FC** का संबंध किससे हैं ?

(A) KH (B) MJ

(C) GJ (D) ZW

Ans. **(D)**

Q.19 **ROUGH** का **UHROG** से संबंध है और **PLUCK** का **UKPLC** से संबंध है तो **ANCHOR** का संबंध ....से होगा ?

(A) NHRACO

(B) HORANC

(C) ACONHR

(D) निर्धारित नहीं किया जा सकता

Ans. **(D)**

Q.20 **EK : MS :: AG : ?**

(A) IM (B) IJ

(C) IO (D) JP

Ans. **(C)**

Q.21 NEUROTIC : TICRONEU :: PSYCHOTIC:?

(A) TICCOHPSY (B) TICOCHPSY

(C) TICCHOPSY (D) TICHCOPSY

Ans. **(C)**

Q.22 AZBY : CXDW :: EVFU : ?

(A) GHTS (B) TGBH

(C) GTHS (D) GSTH

Ans. **(C)**

Q.23 BOTTLE : CQWXQK :: FILLED : ?

(A) GKOPJJ (B) GKOPJK

(C) GKPOJJ (D) GHOPJJ

Ans. **(A)**

Q.24 Cricket : Pitch :: Skating : ?

(A) Rink (B) Ground

(C) Cowet (D) Ring

Ans. **(A)**

Q.25 Oxygen : Burn :: Carbon dioxide : ?

(A) Isolate (B) Foam

(C) Extinguishes (D) Explode

Ans. **(C)**

Q.26 17 : 153 :: 24 : ?

(A) 213 (B) 216

(C) 144 (D) 122

Ans. **(B)**

Q.27 64 : 513 :: 144 : ?

(A) 1727 (B) 1729

(C) 1728 (D) 1730

Ans. **(B)**

Q.28 63 : 36 :: ? : ?

(A) 94:49 (B) 35:54

(C) 47:72 (D) 73:39

Ans. **(A)**

निम्न प्रश्नों से उस संख्या समुच्चय को चुनिए, जो प्रश्न में दी गई संख्या समुच्चय से अधिकतम मेल खाता है।

Q.29 (12,20,28)

(A) (3,15,18) (B) (18,27,72)

(C) (18,30,42) (D) (7,14,28)

Ans. **(C)**

Q.30 (1050,210,42)

(A) 95,19,3 (B) 60,12,2

(C) 125,25,6 (D) 75,15,3

Ans. **(D)**